# हरिभूमि रेवाड़ी भूमि

रोहतक, गुरूवार 22 मई 2025


तापमान

अधिकतम 45.5 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


11 डीसी साइब, अब तो शिकायत भी मिल गई, क्या ड्रोन प्रकरण में दर्ज होगी एफआईआर





12 वाहन चालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां पुलिस कर रही वाहनों को इंपाउंड







**खबर संक्षेप**



रेवाड़ी। रक्तदाता सीमा यादव को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## स्कॉउट मास्टर होशियार ने 62वीं व गाइड कैप्टन सीमा ने 25वीं बार किया रक्तदान

**रेवाड़ी।** द हरियाणा स्टेट भारत स्कॉउट एंड गाइड्स जिला इकाई के तत्वावधान में बुधवार को सिविल अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र संभरिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर का संचालन डीओसी स्कॉउट प्रदीप कुमार और डीओसी गाइड सरोज वर्मा ने किया। उनके साथ जिले की भारत स्काउट्स और गाइड्स टीम ने सहयोग किया। इस मौके पर सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया ने कहा कि रक्तदान एक अत्यंत पुण्य कार्य है,जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवता को भी मजबूत करता है। रक्तकोष प्रभारी डा. संदीप ने स्कॉउट-गाइड्स की टीम का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार के आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। प्रत्येके व्यक्ति को आगे बढ़कर रक्तदान जैसे नेक कार्य में भाग लेना चाहिए। कैंप में 53 यूनिट रक्तदान किया गया। स्कॉउट मास्टर होशियार सिंह ने 62वीं बार रक्तदान किया। गाइड कैप्टन सीमा यादव ने 25वीं बार रक्तदान कर महिलाओं के लिए मिसाल पेश की। गांव कन्होरा के सरपंच सुखवीर ने 57वीं बार रक्तदान कर समाज को प्रेरणा दी। शिविर में स्कॉउट मास्टर विक्रम, संजय, मनीष, मनोज, जय प्रकाश तथा गाइड कैप्टन अंशु, सरिता, सीता, पूनम और मीनाक्षी ने सहयोग दिया।

### गर्मी से निजात के लिए योग की चार क्रियाएं शीतली, शीतकारी, चंदरभेदन व काकी मुद्रा बेहद लाभकारी

# योग की चार क्रियाओं के अभ्यास से गर्मी से मिलेगी राहत, बढ़ेगी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता

■ शरीर हो जाता अधिक तापमान को आराम से सहन करने योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्तमान में भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से धरती तप रही है। इस वर्ष तापमान पिछले कुछ दशकों से कहीं ज्यादा बढ़ने की संभावना है। 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान को सहन करना सभी के बस की बात नहीं है। अधिक देर तक एसी और कूलर में भी रहना शरीर के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। गर्मी में नींबू, पोदीना, मटके का ठंडा पानी, लस्सी, राबड़ी व सत्तू का सेवन बहुत लाभदायक हैं। इसी के साथ यदि कुछ यौगिक क्रियाओं का सुबह के ब्रह्म मुहूर्त में निरंतर अभ्यास किया जाए तो शरीर में गर्मी की वजह से होने वाली कई बीमारियों से बच सकता है। भारी गर्मी में डिहाइड्रेशन, मुंह का बार बार सूखना, प्यास न मिटना, अधिक पसीना आना, शरीर में जलन होना, शरीर का तापमान बढ़ना, सिर दर्द होना, पेट में जलन होना, दस्त या कब्ज होना, जी मिचलाना, उल्टी आना, आंखों में जलन होना, पेट में अल्सर होना, गैस बनना, खट्टी डकार आना, मुंह में छाले होना, अधिक एसिड बनना, पेट व सिर में जलन होना, उच्चरक्तचाप व दांतों में ठंडा गर्म अनेक समस्याएं हो जाती है।

### योग विशेषज्ञ के सानिध्य में करें प्राणायामः यादव




रेवाड़ी। शीतली प्राणायाम करते हुए युवक, शीतकारी प्राणायाम करते हुए युवती, प्राणायाम की काकी मुद्रा में युवक। फोटो :हरिभूमि

आईजीयू के योग आचार्य डा. धर्मवीर यादव ने कहा कि इन सब समस्याओं से बचने के लिए हठ प्रदीपिका व घेरंड संहिता जैसे प्रसिद्ध योग ग्रंथों में ऋषियों, तपस्वियों व योग आचार्यों ने बताया है कि नए योगाभ्यासी को बसंत ऋतु से ही यौगिक क्रियाओं का अभ्यास शुरू कर देना चाहिए। ऐसा करने से सभी प्रकार के रोगों से बचा जा सकता हैं। क्योंकि यौगिक क्रियाओं के करने से शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है, जिससे शरीर अधिक तापमान को आराम से सहन करने योग्य हो जाता है। आचार्य ने कहा कि प्राणायाम एक ऐसी संजीवनी विधा है, जिससे भविष्य में आने वाले रोगों से बच सकता है। उन्होंने बताया कि गर्मी से राहत पाने के लिए योग की चार क्रियाएं शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम, चंदरभेदन प्राणायाम व काकी मुद्रा बेहद लाभकारी है। आरामदायक आसन में बैठकर सुबह सूर्योदय से पहले इन चारों यौगिक क्रियाओं का अभ्यास अपनी क्षमता और प्रकृति अनुसार प्रारंभ में किसी योग विशेषज्ञ के सानिध्य में ही करना चाहिए।

### शीतली प्राणायाम विधि

जिह्वा को मुख से बाहर निकालकर नलीनुमा बना लें। इसके बाद नलीनुमा जिह्वा में से अपनी क्षमतानुसार धीरे-धीरे वायु को अंदर खींचे। मुख को बंद करते हुए धीरे-धीरे वायु को दोनों नथुनों से बाहर छोड़ दें। यह एक चक्र पूरा हुआ। इसी प्रकार कम से कम पांच बार इस अभ्यास को दोहराएं। इस प्राणायाम के अभ्यास से प्लीहा, पेट के रोग, ज्वर, पित्त दोष से उत्पन्न रोग व भूख प्यास पर नियंत्रण के साथ-साथ विष का प्रभाव कम होता है।



योग आचार्य डा. धर्मवीर यादव।




चंद्रभेदी प्राणायाम करते हुए युवती।

### शीतकारी प्राणायाम विधि

सबसे पहले जिह्वा को पीछे की मोड़कर तालु प्रदेश में लगाएं। इसके बाद आगे से दांतों को आपस में मिला लें तथा होठों को खोल दे।

धीरे-धीरे दांतों से स्पर्श करते हुए अपनी क्षमता अनुसार वायु को अंदर खींचे। अंत में मुंह बंद करके दोनों नथुनों से धीरे-धीरे वायु को बाहर छोड़ दें। इसी क्रम को कम से कम पांच बार दोहराएं। इस प्राणायाम के अभ्यास से भूख प्यास और नींद पर नियंत्रण हो जाता है। आलस्य दूर होता है और शरीर में ताजगी बनी रहती है।

### चंदरभेदन प्राणायाम विधि

हमारा दायां स्वर उष्णता, जबकि बायां स्वर शीतलता का प्रतीक है। इस प्राणायाम में बाएं नासिका से श्वसन क्रिया की जाती है ताकि शरीर और मन चंद्रमा की तरह शीतल हो जाएं। सबसे पहले दाएं हाथ के अंगूठे से दाएं नथुने को बंद करते हुए बाएं नथुने से क्षमतानुसार धीरे धीरे वायु को अंदर खींचे। इसके बाद प्रथम अंगुली से बाएं नथुने को बंद करते हुए दाएं नथुने से धीरे-धीरे वायु को बाहर निकाल दें। इसी क्रम को पुनः दोहराते हुए कम से कम पांच बार करें। इस प्राणायाम से मन शांत होता है और तनाव कम होता है। उच्च रक्त चाप सामान्य हो जाता है व आंखों में जलन नहीं होती है।चंद्रभेदी प्राणायाम एसिडिटी और खट्टी डकार जैसी पाचन संबंधी समस्याओं में भी लाभकारी है।

### काकी मुद्रा करने की विधि

इस मुद्रा में मुख की आकृति कौवे की चोंच की तरह बनती है। इसलिए इस मुद्रा को काकी मुद्रा कहा जाता है। सबसे पहले कमर गर्दन को सीधा रखते हुए आराम से बैठकर होठों को सिकोड़कर कौवे की चोंच जैसी आकृति बना लें। इसके बाद अभ्यास अनुसार धीरे-धीरे होंठों को स्पर्श कराते हुए पूरक करें अर्थात्र वायु को अंदर खींचे। होठों को सामान्य अवस्था में लाते हुए मुख बंद करके दोनों नथुनों से धीरे-धीरे रेचक करें अर्थात वायु को बाहर निकाल दें। इसी क्रम का कम से कम पांच चक्र पूर्ण करें। इस प्राणायाम से चेहरे की झुरियां कम होती हैं। साथ ही इस मुद्रा के अभ्यास से रक्त शुद्ध होता है और खाज-खुजली, फोड़े-फुंसी आदि त्वचा विकार भी दूर होते हैं। गुदा, उदर, कंठ एवं हृदय विकार को दूर करने के लिए भी यह बहुत उपयोगी है।

### प्राणायाम करने में ध्यान रखने योग्य बातें

प्राणायाम के लिए सामान्यत प्रातः काल का समय अच्छा रहता है, लेकिन समय की अनुपलब्धता में शाम को भी प्राणायाम कर सकते हैं। सभी क्रियाओं को एक साथ न करके एक ही प्राणायाम का अभ्यास पांच बार से अधिक भी कर सकते हैं। योग की सभी क्रियाओं का अभ्यास प्रारंभ में किसी अनुभवी योग विशेषज्ञ के निर्देशन में ही करें। जिनको जिह्वा में कोई समस्या है वो शीतली प्राणायाम न करके शीतकारी कर सकते हैं। जिनको होंठों में समस्या है वो चंदरभेदन प्राणायाम कर सकते हैं। जिनके दांत टूटे हुए हैं, वे काकी मुद्रा का अभ्यास कर सकते हैं। जिनको नजला, जुकाम,दमा व निम्न रक्तचाप है, उनको इन क्रियाओं का अभ्यास नहीं करना चाहिए। सर्दी और वर्षा ऋतु में इन सभी यौगिक क्रियाओं का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

## गवर्नमेंट स्कूल बगथला में दसवीं व बारहवीं के मेधावियों का हुआ सम्मान

■ विद्यालय राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगथला में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य मंजू बाई ने मेघावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं में अक्षरावत, अंजलि, सपना व इशिका सहित 20 विद्यार्थियों ने मेघा सूची में स्थान प्राप्त किया है तथा 26 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा है। छात्र रोहित ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा विपुल, तनुज, तरुण, आशा, रिंपी, लोकेश व मनोज सहित आठ विद्यार्थियों ने मेघा सूची में नाम दर्ज कराया है तथा 31 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छा होने के बाद पिछले दो साल में नामांकन में भी बढ़ोतरी हुई है और विद्यालय राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी क्षमता का लोहा मनवा चुका हैं। समारोह में ग्राम सरपंच अंजू देवी, पूर्व सरपंच सुखराम, एसएमसी प्रधान शेर सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक विमल यादव, डा. नूतन, राजेंद्र कुमार, राजबाला, विनोद कुमार, प्रोमिला, केपी सिंह, राजेश बाबू, विजय बाबू, सुशीला, पुष्पा यादव, संदीप यादव, योगिता व सुरेश कुमार, हर्ष कुमार, रीता यादव, पंकज, रामकिशन व गीता मौजूद थे।

## गोल्डन ऑवर घायल के लिए अति महत्वपूर्ण समय उपचार से बचाई जा सकती जानः एसपी

■ सड़क हादसे में घायल को मिलेगी 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि भारत सरकार ने मोटर वाहनों के इस्तेमाल के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने के लिए एक पायलट योजना की शुरूआत की हुई है। भारत सरकार का यह कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162 के तहत कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप है। एसपी ने बताया कि सड़क हादसे में घायल नागरिक आयुष्मान भारत योजना के पैनल के अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज का हकदार है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु को रोकना है। इस प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 के तहत मोटर वाहनों के उपयोग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को नकद रहित उपचार प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू की हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में कोई भी पीड़ित नागरिक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आघात और बहु-आघात के लिए स्वास्थ्य लाभ पैकेज के अनुसार दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि के लिए प्रत्येक दुर्घटना के लिए व्यक्ति 1.5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का हकदार है। एसपी ने बताया कि सरकार की योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना है, जिसमें गोल्डन ऑवर भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय से इस योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया जाएगा।

योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहन के उपयोग के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू रहेगी। योजना को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-डीएआर एप्लीकेशन और एनएचए के ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यक्षमताओं को मिलाकर एक आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### घायल के लिए एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण



एसपी मीणा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के ईलाज के लिए शुरूआती एक घंटा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस अवधि के दौरान व्यक्ति का इलाज ठीक तरीके से हो जाए तो उसकी जान का जोखिम कम हो जाता है। एसपी ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने में अगर किसी व्यक्ति को कोई परेशानी आती है तो वह हेल्पलाइन नंबर-14555 पर कॉल कर सकता है।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में रीजनल सेंटर में होगा करियर काउंसलिंग का आयोजन

**कोसली।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कृष्ण नगर स्थित महिला रीजनल सेंटर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जून माह में छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए करियर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसमें विशेष रूप से आस-पास के गांवों की उन छात्राओं के लिए व्यवस्था की गई है, जिन्होंने हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है या स्नातक कोर्स पूरा किया है। रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि रीजनल सेंटर में ग्रामीण छात्राओं की समस्याओं और अनभिज्ञता को देखते हुए उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक प्रशिक्षण और देश में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देकर उनके भविष्य के निर्णयों को सशक्त बनाना है। डा. अनिल कुमार यादव ने कहा कि काउंसलिंग में ग्रामीण छात्राओं के संदेहों का समाधान कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी 12वीं पास, स्नातक पास छात्राओं और साथ ही उनके अभिभावकों से इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाने की अपील की है।

### तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना के अजेय पराक्रम को किया सलाम

**रेवाड़ी।** नगरपालिका चेयरमैन कंवर सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगांव आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान व पीओके में आतंकी ठिकानों को सटीक निशाने के साथ ध्वस्त करके शौर्य दिखाया है। भारतीय सेना के अदम्य साहस, बलिदान और पराक्रम को नमन करने के लिए बुधवार को धारूहेड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा नगरपालिका से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक पर माल्यार्पण करके सम्मप्न हुई। इस मौके पर चेयरमैन ने कहा कि आज हमारी सेना का जोश, जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए जो घिनौना कृत्य पहलगांव में किया गया था, उसके जवाब में तकनीकी व मानसिक तौर पर मजबूत भारतीय सेना के प्रहार से पाकिस्तान थरार्ने पर विवश हो गया। भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान में आतंकवाद व आतंकियों को तबाह करने का काम किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा कस्बा भारत माता की जय व वीर सैनिकों की जय के नारों के साथ देशभक्ति के जोश से सराबोर रहा। यात्रा में भारी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन व पूर्व सैनिक शामिल हुए और सेना के अजेय पराक्रम को सलाम किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक कोसलिया, मनोज सैनी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष अजीत कोसलिया व नानक यादव सहित अनेक गणमान्य लोग भी मौजूद थे।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

### जिले में अनाधिकृत रूप से रहने वाले अप्रवासियों के लिए छूट नहीं: एसपी

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस कप्तान हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से रहने पर किसी को भी छूट नहीं है। जिला पुलिस की ओर से अनाधिकृत रूप से रहने वाले लोगों के खिलाफ एक सर्च अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में अप्रवासी बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिए है। एसपी ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों, उद्योगों, चल रहे निर्माण कार्यों, ईट भट्ठों, होटलों, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सराय, किराये के मकानों व रेहड़ी पर बतौर मजदूर एवं घरेलू नौकर, झुग्गी झोपडी, बस्तियों या अन्य स्थानों पर ऐसे नागरिकों की जांच करें, यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध मिलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। जिला पुलिस ने जिला वासियों से अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन कराने की अपील की है।



**पारा एक बार फिर पहुंचा 45 डिग्री के पार, आज से मौसम में बदलाव की उम्मीद**

# आसमान में लगातार बरस रही आग, सड़कों से लेकर बाजार तक सुनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगातार 6 दिन से पड़ रही भारी गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। अब दिन के साथ रात का तापमान भी शिखर की ओर बढ़ रहा है, जिससे लोग चैन की नींद तक नहीं सो पा रहे हैं। आलम यह है कि दोपहर बाद तक शहर के बाजार से लेकर सड़कों तक पर सन्नाटा छाया रहता है। नौतपा से पहले ही इस बार धरती खूब तप रही है, जबकि नौतपा में तापमान गिरने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में 22 मई से बदलाव आने की उम्मीद है, जिससे गर्मी के तेवर नरम पड़ सकते हैं। सूर्यदेव के रोहिणी नक्षत्र में गोचर करने साथ ही नौपता की शुरूआत हो जाती है। इसके बाद जब सूर्यदेव मृगशिरा नक्षत्र में जाते हैं, तो नौतपा समाप्त हो जाता है। हिंदी पंचाग के अनुसार इस बार सूर्यदेव 25 मई को सुबह 3:27 बजे रोहिणी नक्षत्र में गोचर करेंगे और 8 जून को मृगशिरा नक्षत्र में जाएंगे। इस तरह इस बार नौतपा लगभग 15 दिनों का होगा। ऐसा माना जाता है कि सूर्यदेव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के बाद धरती का तापमान बढ़ जाता है, जिससे भारी गर्मी पड़ती है। नौतपा शुरू होने से 10 दिन पहले ही तापमान बढ़ना शुरू हो गया था। गत 6 दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है, जिस कारण लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान एक बार फिर 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी इतनी ही वृद्धि के साथ 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। भारी गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सरकारी व प्राइवेट स्कूलों का समय बदला है। डीईओ की ओर से सभी बीईईओ को प्रेषित पत्र में बताया गया है कि पहली से बारहवीं कक्षा के बच्चों का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। सभी स्कूलों में ओआरएस घोल के पैकेट रखने होंगे। बच्चों से कोई भी गतिविधि धूप में नहीं कराए जाए। सूती कपड़े पहनने के लिए प्रेरित किया जाए स्कूल से जाते समय पानी पिलाकर ही भेजना चाहिए।




रेवाड़ी। दोपहर के समय सूना पड़ा रेलवे रोड बाजार, दोपहर के समय सूना पड़ा मोती चौक बाजार। फोटो :हरिभूमि

### नौतपा में कम रह सकता है तापमान

नौतपा के दिनों में तापमान बढ़ने से गर्मी चरम पर पहुंचने की संभावना रहती है। इस बार नौतपा से पहले ही गर्मी जमकर परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार 22 मई से पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो सकता है, जिससे आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। तीन-चार दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है, जिससे तापमान में गिरावट की संभावना है। ज्योतिषविदों का मानना है कि अगर नौतपा के दिनों में तापमान बढ़ने की बजाय कम होता है, तो इससे मानसून पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं होने से सूखा पड़ने की आशंका भी बन जाती है। इस बार नौतपा में तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।

### बिजली की खपत के साथ कट बढ़े

गर्मी पीक पर आने के साथ ही बिजली की खपत भी काफी बढ़ गई है। इस सीजन में बिजली की खपत 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच चुकी है। ओवरलोड ट्रांसफार्मर व फीडरों के कारण होने वाली ट्रिपिंग भारी गर्मी में लोगों के लिए आफत साबित हो रही है। सिस्टम फेल होने से बचाने के लिए सब स्टेशनों में सीटी पर कूलर दनदना रहे हैं। पीक अवर्स में आधे घंटे से 45 मिनट तक के कट लगाए जा रहे हैं। बार-बार कट लगने के कारण लोगों को बिजली की समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है।

### पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं 26 को रखेंगी वट सावित्री व्रत

**रेवाड़ी।** सनातन धर्म में धार्मिक आयोजन बहुतायात में समय-समय होते रहते हैं। प्राचीन काल से ही यह सिलसिला चला आ रहा है। भारतीयों की धर्म के प्रति भावनाएं बड़ी ही प्रबल हैं। अधिकांश पर्वों में महिलाओं की भागीदारी अच्छी-खासी होती है। अपने सुहाग की रक्षा व दीर्घायु के लिए धार्मिक पर्वों पर व्रत भी रखती आ रही हैं। कहा जाता है कि सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा करने के लिए यमराज तक से भी भिड़ गई थी और अंत में यमराज को उसके पति को प्राण वापिस लौटाने ही पड़े थे। सावित्री की पति के प्रति भक्ति को देखते हुए प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर वट सावित्री व्रत का आयोजन महिलाएं करती आ रही हैं। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं ही रखती हैं। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने बताया कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन यानी 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में 26 मई को वट सावित्री व्रत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सम्मान रैली निकालते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

### जीएचएस सुठाना के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में निकाली रैली

रेवाड़ी। राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से टॉपर विद्यार्थी रितिका, प्रीति व यश का फूलमालाओं से स्वागत किया गया एवं गांव सुठाना में सम्मान रैली निकाली गई। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत सरपंच रीना देवी, एसएमसी प्रधान संतोष तंवर, सरपंच प्रतिनिधि धनपत सिंह, डा.अमर सिंह, लोकेश ढिल्लों, ऋषि पंडित, महावीर दहिया, नवल किशोर ढिल्लों, अशोक व मांगेराम ने विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी आरपी सिंह दहिया, डा. मंगत सिंह, राजेश वशिष्ठ, सुनीता देवी, रचना यादव, भारती सिरोहा, संध्या वर्मा, भारती हिंदी, पूनम यादव, आदित्य वशिष्ठ व ओमपाल ढिल्लों सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## पंचनद समिति के जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

# डीसी साहब, अब तो शिकायत भी मिल गई क्या ड्रोन प्रकरण में दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गत 18 मई को प्रशासनिक आदेशों को धत्ता बताते हुए सफाई अभियान के दौरान ड्रोन उड़ाने के मामले में अधिकारी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने दावा किया था कि अगर इस मामले में शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो केस भी जरूर दर्ज कराया जाएगा। अब पंचनद समिति के जिलाध्यक्ष केशव चौधरी ने विधायक के खिलाफ ही शिकायत भी दर्ज करा दी है, परंतु अधिकारी मामला सत्तापक्ष के विधायक से जुड़ा होने के कारण कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद भी आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज करने के आसार नहीं के बराबर नजर आ रहे हैं। बुधवार को पंचनद समिति के जिलाध्यक्ष केशव चौधरी ने डीसी अभिषेक मीणा से मिलकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि 18 मई को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में चलाए गए सफाई


रेवाड़ी। गत 18 मई को उड़ाए गए ड्रोन का फाइल फोटो


डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए केशव चौधरी फोटो: हरिभूमि

अभियान के दौरान फोटोग्राफी करने के लिए ड्रोन उड़ाया गया था। पाक पर एयर स्ट्राइक करने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर डीसी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत जिले में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई हुई थी। इसके बावजूद आयोजकों ने ड्रोन उड़ाकर डीसी के आदेशों की उल्लंघना की है, इसलिए सफाई अभियान के आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। इसके बाद केशव चौधरी ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मिलकर एक शिकायत भी दर्ज कराई, जिसमें कार्यक्रमों के आयोजकों पर केस दर्ज करने की मांग की गई। केशव चौधरी ने दोनों अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह भी बताया कि प्रशासन ड्रोन उड़ाने वाले को ही बलि का बकरा नहीं बनाए, बल्कि विधायक व कार्यक्रम शामिल लोगों पर भी एक्शन लिया जाए। केशव चौधरी ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### डीसी का अजीब-सा जवाब

नियमों को ताक पर रखकर ड्रोन उड़ाने का मामला सामने आने के तुरंत बाद डीसी ने स्पष्ट किया था कि अगर कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो धारा-163 के उल्लंघन का केस दर्ज कराया जाएगा। शिकायत दर्ज होने के बाद 'हरिभूमि' ने डीसी से बात की तो उन्होंने अजीब जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मुझे तो ज्ञापन दिया गया है। शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस ही इस मामले में बता पाएगी।


डीसी अभिषेक मीणा

### यह है ड्रोन उड़ाने का मामला

विधायक की ओर से 18 मई को धारूहेड़ा चुंगी से लेकर नाईवाली चौक तक मेगा सफाई अभियान चलाया गया था। आयोजक कार्यक्रम की भीड़ भरी तस्वीरें प्रचारित कराने के लिए ड्रोन से फोटोग्राफी करा रहे थे। इसी दौरान सिटी एसएचओ रतनसिंह तक मामला पहुंचा, तो एसएचओ ने ड्रोन उतरवा दिया। इसके बाद से ही शहर में प्रतिबंध के बावजूद ड्रोन उड़ाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक फोटो: हरिभूमि

## व्यक्ति का सम्मान चरित्र पर आधारित होता है : कपूर

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से बुधवार को वीआईपी स्कूल में संस्कार निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि किसी बच्चे को उपहार न मिले तो वह कुछ देर रोता है, लेकिन उसे अच्छे संस्कार न मिले तो वह जिंदगी भर रोता है। जीवन के प्रारंभिक काल में जो अच्छे संस्कार मस्तिष्क में बैठ जाते हैं, वे मनुष्य को जीवन भर गिरने नहीं देते। सद्चरित्रता ही नैतिकता का आधार है। किसी भी व्यक्ति का यश, गौरव, मान व सम्मान उसके चरित्र पर ही आधारित होता है। हमें जीवन में मार्गदर्शन के लिए भगवान राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक देव जैसे महान पुरुषों के नैतिक बल की उत्तम गाथाओं का सदैव स्मरण रखना चाहिए। रिटायर्ड कार्यकारी अधिकारी मनोज यादव व समाजसेवी ओमप्रकाश ने विद्यार्थियों को सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। युवा दल के प्रधान ने विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए व मेधावी विद्यार्थियों को उपयोगी साहित्य भेंट किया। योग्य शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। स्कूल के निर्देशक नवदीप लांबा, उषा यादव व प्राचार्य नवीन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। युवा दल के संरक्षक अरुण गुप्ता, उपप्रधान प्रवीण ठाकुर व कार्यकारिणी सदस्य संजीव आर्य ने गर्मी के मौसम में स्वस्थ रहने के उपयोग टिप्स दिए। संस्था की ओर से स्कूल को शहीद आजम भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व राम दरबार के चित्र भेंट किए।

# लक्ष्य हाउस की लावण्या बनी विजेता

- सांस्कृतिक विविधता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में बुधवार को विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता हमारी ताकत है और हमें इसे सहेजने और बढ़ावा देने की


रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। फोटो: हरिभूमि

आवश्यकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमें विभिन्न संस्कृतियों के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्य हाउस से बारहवीं की छात्रा लावण्या ने प्रथम, तेजस हाउस से आठवीं की छात्रा रिद्धिमा व सृष्टि हाउस से दसवीं के छात्र मंथन ने द्वितीय तथा तेजस हाउस से कक्षा नौवीं की छात्रा चारू व आस्था हाउस से दसवीं की छात्रा भाविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रिंसिपल दहिया ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक उल्लेखनीय कदम है। हरियाणा सरकार राज्य में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस योजना के तहत एफपीओ, एसएचजी, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों और सहकारी समितियां को लाभ पहुंचाया जा सकता है। डीसी मीणा ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार द्वारा फूड प्रोसेसिंग और अन्य सामान्य सुविधाओं जैसे सोर्टिंग- ग्रेडिंग, वेयर हाउस, फार्म-गेट-कोल्डस्टोर्स, खाद्य उत्पादों के लिए सामान्य प्रसंस्करण सुविधाओं के लिए 35 प्रतिशत तक सब्सिडी व 3 करोड़ रूपए तक का ऋण मुहैया कराया जा रहा है। योजना का उद्देश्य ऋण-लिंक्ड सब्सिडी के माध्यम से 2 लाख सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को सहायता प्रदान कर उनका विकास करना है। ये उद्योग सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चैन को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

## खबरें संक्षेप

### विधवा अनुदान योजना से महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

रेवाड़ी। सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार की ओर से हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान कर रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है, जिसके तहत महिलाओं को तीन लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। योजना के लिए वही महिलाएं पात्र होंगी, जिनकी पारिवारिक आय तीन लाख रुपए या फिर इससे कम हो तथा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

रेवाड़ी। सेक्टर एक सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में मंगलवार रात्रि सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के मुख्य यजमान लोहिया परिवार रहा। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज बालाजी धाम वाले ने पूजा-अर्चना करके सुंरदकांड का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में भजन गायक धर्मवीर फौजी, गोपाल वर्मा, दीपिका गुप्ता व दीक्षा गुप्ता के मनमोहक भजनों के माध्यक से हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया। इसके बाद श्रृद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर संस्थापक व राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता ने कहा कि मंदिर में 22वें सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के महासचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, भाजपा नेता दीपक मंगला, प्रधान बिल्लू पोसवॉल, अंकित लोहिया, अमित लोहिया, अनिल गोयल, सीए एडवोकेट परवेज हरित, एडवोकेट प्रतीक, लक्ष्मण रावत, प्रोफेसर विजय, बलराज, पवन, अतुल व सेक्टर-1 रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के उपप्रधान परवीन गर्ग सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### आरडीएस कॉलेज में इंटर्नशिप के लिए किया मार्गदर्शन

रेवाड़ी। कालाका रोड़ स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय के इंटर्नशिप सैल की ओर से एमए तथा एमकॉम प्रथम वर्ष की छात्राओं का इंटर्नशिप के विषय में मार्गदर्शन किया गया। प्राचार्य डा. यादव ने बताया कि छात्राओं के हित के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इंटर्नशिप को शामिल किया गया है। उन्होंने इंटर्नशिप को लागू करने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि छात्राएं इंटर्नशिप को गंभीरता के साथ-साथ सजगता से करें। उन्होंने कहा कि छात्राएं जहां भी इंटर्नशिप करने जाए, वहां तन्मयता से काम करके निपुणता जरूर हासिल करें। इंटर्नशिप सैल की डायरेक्टर मिथलेश यादव, कोऑर्डिनेटर डा. सुनीता यादव तथा टीचर इंचार्ज डा. परवीन, रेणु व सोनल ने छात्राओं को इंटर्नशिप की सारी प्रक्रिया समझाई तथा छात्राओं को अलग-अलग ग्रुप में विभाजित कर उनको रूचि के मुताबिक इंटर्नशिप करने के लिए संस्थानों के नाम सुझाए। कॉलेज की छात्राओं को इंटर्नशिप के लिए भी तैयार कर दिया गया है। आगे की औपचारिकताएं पूरी होते ही आगामी माह से उनकी इंटर्नशिप सुचारु रूप से चालू की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए आवेदन 23 तक

रेवाड़ी। हरियाणा परिवहन विभाग की जिला सड़क सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष डीसी अभिषेक मीणा हैं। समिति का कार्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी के साथ मासिक आधार पर प्राप्तियां की मॉनिटरिंग के लिए राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा पारित निदेर्शों की अनुपालना करना है। जिला परिवहन प्राधिकरण के सचिव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित दो गैर सरकारी विशेषज्ञ-एजेंसी को सरकार द्वारा नामांकित किया जाना है, जिन गैर सरकारी विशेषज्ञ-एजेंसी को सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य करने का अनुभव है, वे अपना नाम, विवरण, शैक्षिक योग्यता सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का वर्णन व अनुभव व इनसे संबंधित पूर्ण दस्तावेज आरटीए कार्यालय में 23 मई तक भेज सकते है।

# खेत में पानी लगा रहे किसान पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाटूसाना

आशियाकी गोरावास में खेत में पानी लगा एक किसान पर दो लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस बयान में राजेंद्र ने बताया कि वह करावरा रोड पर अपने खेत में पानी लगा रहा था। वहां राजबीर और जितेंद्र भी बैठे हुए थे। उसने आरोप लगाया कि खेत के दूसरे छोर की ओर जाते समय मनोज और विकास ने उसका रास्ता रोक लिया। दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उस पर डंडे व नुकीली वस्तु से वार किए गए। राजबीर और जितेंद्र ने उसे छुड़वाया तो दोनों उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। सूचना मिलने के बाद उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# परिवार गया था कार्यक्रम में, घर में हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

धोबीघाट मोहल्ले की रतिराम कॉलोनी में चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। उसके बाद चोरी कर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायकत में जयभगवान ने बताया कि गत 19 मई को वह अपने बच्चों के साथ अपने पैतृक


रेवाड़ी। चोरी के बाद मकान में बिखरा सामान। फोटो: हरिभूमि

गांव शेखपुर में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गया था। जब शाम के समय वह परिवार सहित घर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। मकान की छत पर बने कमरों के ताले भी टूटे हुए थे।

अलमारी, बेड व संदूक का सारा सामान बिखरा हुआ था। सामान चेक करने पर 1.30 लाख रुपये, 3 सोने की अगूंठी, 2 सोने की चेन, एक गैस सिलेन्डर व एलसीडी टीवी गायब मिले। उसने घटना की सूचना तुरंत डायल-112 पर दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसएचओ संजय कुमार ने भी मौके पर जाकर मुआयना किया। इसके बाद सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया। बाद में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करते हुए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# चंद्रशिला चोटी की पर्वतारोही आराध्या का सम्मान किया


रेवाड़ी। अराध्या का सम्मान करते हुए गणमान्य लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

बाल पर्वतारोही आराध्या का अमर बलिदानी फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को समर्पित तुंगनाथ चंद्रशिला पर्वत की चढ़ाई पूर्ण कर लौटने पर फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। आराध्या की मां निशा भी उनके साथ पर्वतारोहण में सहभागी बनीं। निशा ने न केवल अपनी बेटी का हौसला बढ़ाया, बल्कि खुद भी साहस और समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शहीद सिद्धार्थ यादव के माता-पिता ने आराध्या और निशा का धन्यवाद किया। आराध्या ने हाल ही में विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट की खतरनाक खुम्बू आइसफॉल तक चढ़ाई कर एक अद्वितीय उपलब्धि अपने नाम की है। पर्वतारोहण अभियान में योजना बनाने और प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देने वाले यतीश सिंघल का योगदान भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में सिद्धार्थ यादव के दादा सूबेदार रघुबीर सिंह, लेफ्टिनेंट एसएस यादव, प्रिंसिपल शमशेर सिंह, सतबीर, रामावतार, प्रोफेसर खटाना, सतीश चौहान, सुशील यादव, सुशीला देवी, दिव्या खोश्या, सचिन इंजीनियर, गीता देवी, प्रवीण यादव व महीपाल उपस्थित थे।

# भाजपा ने सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा


रेवाड़ी। सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

बुधवार को भाजपा मीरपुर मंडल अध्यक्ष नवीन यादव की अगुवाई में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना की वीरता व साहस को समर्पित तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सरकारी स्कूल मसानी से शुरू होकर बस स्टैंड पर स्थित शहीद दीनदयाल स्मारक पर सम्पन्न हुई।

यात्रा में शामिल लोगों ने देशभक्ति का संदेश दिया तथा भारत के नागरिकों को संकट से सुरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय सेना को सलाम किया। तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष नवीन यादव ने मीरपुर मंडल के सदस्यों व युवाओं का आभार व्यक्त किया। यात्रा में मसानी स्कूल की प्रिंसिपल गंगा देवी, अध्यापकों व विद्यार्थियों सहित रिटायर्ड फौजियों, सरपंचों व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति के नारे लगाए।

इस मौके पर लालाराम सरपंच, संजू सरपंच, प्रीतम सरपंच, सूरज सरपंच, मनोज मसानी हसला प्रधान, धीरज ब्लॉक समिति, प्रीतम, बीरसिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री सुरेंद, सतीश एडवोकेट, नरवीर, जोगेन्द्र, चंदरभान, मामचंद, श्याम सुंदर, श्रवण, राजेश, प्रेमप्रकाश, सुनील, नित्यानंद, दीपक देवेंद्र, अजीत, अमन, नितिन, ओमप्रकाश, डा. संजय, कृष्णा, मोनिका व राजबाला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# बच्चों का अवकाश घोषित करने की मांग उठाई


नारनौल। संस्था के सदस्य एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों को देखते हुए युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षा मंत्री के नाम यह मांग की गई है कि वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए छोटे बच्चों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की जाए या फिर उनके स्कूल के समय में बदलाव किया जाए। संस्था के सचिव टिंकू प्रधान ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि इस समय गर्मी और लू का प्रकोप चरम पर है। तापमान लगातार बढ़ रहा है जिससे छोटे बच्चों के बीमार होने का खतरा सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे गर्मी को सहन नहीं कर पाते है और ऐसे मौसम में उन्हें स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उनकी संस्था व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट लगातार इस मुद्दे पर विचार कर रही थी और आम नागरिकों से भी उन्हें इस बारे में चिंताएं सुनने को मिली थी।

इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एसडीएम के माध्यम से शिक्षामंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने का निर्णय लिया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस ने घर में घुसकर एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने बताया था कि उसकी 11 साल की बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सुदेश नाम का युवक उसके घर में घुस गया। उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकत की। बच्ची ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। मां के घर आने पर बच्ची ने पूरी बात बताई।

**सूचना**

मैं, प्रदीप कुमार पुत्र श्री दाउदयाल शर्मा निवासी ग्राम कौरई, तहसील किरावली, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश हालाबाद सरकारी अस्पताल बावल के पास बावल, तहसील बावल जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दीपक (DEEPAK) व जन्मतिथि 25.08.2012 दर्ज है और मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दीपक शर्मा (DEEPAK SHARMA) व जन्म तिथि 20.08.2009 दर्ज है जोकि गलत है। मेरे पुत्र दीपक (DEEPAK) के जन्म प्रमाण पत्र के रिकार्ड व मेरी सभी आईडी में मेरा नाम प्रदीप कुमार (PRADEEP KUMAR) व मेरी पत्नी का नाम पिंकी (PINKEE) दर्ज है और जबकि मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम प्रदीप कुमार शर्मा (PARDEEP KUMAR SHARMA) व मेरी पत्नी का नाम पिंकी देवी (PINKI DEVI) दर्ज है। अब मैं अपने पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मेरे पुत्र का दीपक (DEEPAK) व जन्मतिथि 25.08.2012 और मैं अपना नाम प्रदीप कुमार (PRADEEP KUMAR) व अपनी पत्नी का नाम पिंकी (PINKEE) दर्ज कराना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में मोबाइल फोन चोरी का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने ट्रेन में एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी होने का केस दर्ज किया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मिली जीरो एफआईआर के मुताबिक सिरसा के किशनपुरा निवासी बलबीर ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह ऐलनाबाद से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए ट्रेन में सफर कर रहा था। जब ट्रेन रेवाड़ी स्टेशन पर पहुंची तो किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

### हादसों के आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हादसों को अंजाम देने के बाद फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा के निकट 14 मई को हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। हादसे को अंजाम देने का आरोपी चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने इस मामले में शिव कॉलोनी निवासी महेंद्र को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-6 थाना धारूहेड़ा ने 22 फरवरी को हुए हादसे के आरोपी चालक नेहरूगढ़ निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है।

### घर से खेत के लिए निकला युवक लापता

**बावल।** दुल्हेड़ा कलां में घर से ट्यूबवेल के लिए निकला एक युवक वापस नहीं आया। पुलिस शिकायत में अंगद ने बताया कि उसका भाई 28 वर्षीय भूपेंद्र उर्फ काला 18 मई को ट्यूबवेल पर जाने के लिए घर से निकाल था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसने अपने भाई की रिश्तेदारियों व दूसरे स्थानों पर काफी तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका।

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने एक किशोरी के लापता होने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी 17 साल की बेटी 13 मई को घर से लापता हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद किशोरी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। बाद में पुलिस ने लड़की को बरामद करते हुए अपहरण के आरोप में विजय नगर निवासी सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

### रामजस नगर में घर से गायब हुआ युवक

**धारूहेड़ा।** रामजस नगर में राजमिस्त्री का कार्य करने वाला 19 साल का युवक घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में राजस्थान के छकड़ा गांव निवासी राजकुमार बैरवा ने बताया कि वह और उसका भाई रामजीत राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। दोनों रामजस नगर में किराए के मकान में रह रहे हैं। वह 28 अप्रैल को अपने गांव चला गया था। वापस आने पर उसे उसका भाई नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

---

हादसों की आशंका बढ़ रही

# वाहन चालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां पुलिस कर रही वाहनों को इंपाउंड

हेमंत शर्मा ▶▶ रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर वाहन चालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ रही है। थाना खोल पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दो दिन में ऐसे पांच वाहन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया है।

माजरा गांव के पास वाहनों की चेकिंग के दौरान एक ट्रॉला तेज रफ्तार और गलत लेन में चलता हुआ आ रहा था। पुलिस ने रुकवाकर ट्रॉला चालक का नाम पूछा तो उसने अपना नाम राजस्थान के ढाणी बावरिया निवासी श्रीराम बताया। पुलिस ने उसे काबू करने के साथ ट्रॉला इंपाउंड कर दिया। पुलिस ने कुंड बैरियर के पास नारनौल की ओर से गलत लेने में आ रहे एक ट्रॉले को रुकवाकर चालक से पूछताछ की। उसने अपना नाम राजस्थान के माजरा रावत निवासी जयसिंह बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने माजरा फ्लाईओवर के पास तेज गति और गलत लेन में आ रहे एक ट्रक चालक को रुकवाकर गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

**ट्रैफिक नियमों की नहीं कोई परवाह :** जैसलमेर नेशनल पर वाहनों की संख्या काफी अधिक रहती है। इस रोड से बड़ी संख्या में राजस्थान से खनन सामग्री भरकर गुरूग्राम, फरीदाबाद, दिल्ली व अन्य इलाकों की ओर जाती है। डंपर चालक जल्दी पहुंचने के चक्कर में तेज गति से वाहन चलाते हुए गलत लेन का इस्तेमाल करते हैं। इससे हाइवे पर लगातार हादसे बढ़ रहे हैं। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर भी हालात इसी तरह के बने हुए हैं।




रेवाड़ी। कुंड पुलिस चौकी में इंपाउंड किए गए वाहन तथा जैसलमेर हाइवे पर नो एंट्री के समय रोड किनारे खड़े डंपर व ट्रक। फोटो : हरिभूमि

#### नेशनल हाइवे पर हो चुका बड़ा हादसा

तीन दिन पहले ही माजरा के पास तेज गति से चल रही प्राइवेट बस के अचानक ब्रेक लगाने से कैंटर गाड़ी बस से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार दिल्ली पुलिस के एक जवान की मौत हो गई थी, जबकि लगभग 10 यात्री घायल हो गए थे। प्राइवेट बसों को ठहरने के लिए सर्विस रोड पर स्टॉप बनाए हुए हैं, परंतु बस चालक मेन हाइवे पर बसों को रोकते हैं। इससे हादसों की आशंका बनी रहती है।

#### डंपर चालकों का खौफ सबसे ज्यादा

जैसलमेर नेशनल हाइवे से सैकड़ों डंपर व ट्रॉले रोजाना गुजरते हैं। नो एंट्री के समय बड़ी संख्या में डंपर, ट्रक व ट्रॉले कुंड बैरियर से पहले टोल प्लाजा के पास रुक जाते हैं। टोल प्लाजा के पास सड़क अवरुद्ध हो जाती है। नो एंट्री का समय पूरा होते ही यह वाहन तेज रफ्तार और गलत लेन में चलते हैं, जिससे हाइवे पर हादसों की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने अब ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

#### गलत लेन में चलने वालों पर एक्शन

हाइवे व दूसरे मार्गों पर ट्रैफिक नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों पर एक्शन लिया जा रहा है। गलत लेन में चलने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। चालकों के खिलाफ केस भी दर्ज किए जा रहे हैं।

-विनोद शंकर, डीएसपी ट्रैफिक



---



रेवाड़ी। नाहड़ गांव में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा नाहड़ मंडल इकाई ने सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

नाहड़ गांव में बुधवार को भाजपा नाहड़ मंडल ईकाई की ओर से आतंकवाद के खिलाफ सफलतापूर्वक किए गए ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में तिंरगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष एडवोकेट हरिश दायमा ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। तिरंगा यात्रा पुराने बस अड्डे से लेकर शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, जब तक सूरज चांद रहेगा, वीर शहीदों का नाम रहेगा-शहीदों के सम्मान में-आमजन मैदान में सहित अनेक नारे लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के मंडल महामंत्री कैप्टन ओमप्रकाश यादव, जिला स्वच्छता अभियान के सह संयोजक प्रेमप्रकाश नाहड़, रामौतार यादव, डा. कृष्ण कुमार, सत्यनारायण, सुशील पंच, हरिओम यादव, संजय, मुकेश लता, विजया देवी, पिंकी यादव, सुनिता देवी, राधेश्याम शर्मा, विजय यादव, रामकिशन शर्मा, रामनिवास, रामेश्वर शर्मा, इंद्रजीत पंच, डा. बनवारी लाल, प्रिंस यादव, तेजसिंह, सुरेन्द्र कुमार व मोहन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गंगा समग्र हरियाणा प्रांत के जिला संयोजक बने भूपेन्द्र



**रेवाड़ी।** गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र जल-तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए संकल्पित संगठन गंगा समग्र हरियाणा प्रांत की योजना बैठक गीता मनीषी ज्ञानानंद, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष, विश्व हिन्दू परिषद के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री मुकेश, राष्ट्रीय मंत्री पवन चौहान, राष्ट्रीय सह सम्पर्क प्रमुख गिरीश नारायण चतुर्वेदी, गंगा वाहिनी के प्रांत प्रमुख अतीन्द्र व दक्षिण हरियाणा भाग संयोजक राकेश यादव सहित 145 कार्यकर्ता की मौजूदगी में हुई, जिसमें भूपेंद्र यादव गांव माजरा गुरदास को रेवाड़ी जिला संयोजक नियुक्त किया गया। प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा ने की भूपेन्द्र यादव के जिला संयोजक नियुक्ति की घोषणा की।

---



रेवाड़ी। छात्रा सारिका को सम्मानित करते एसडीएम विजय कुमार यादव।

## एसडीएम ने सुपर-100 में चयनित सारिका को किया सम्मानित

- एकता व पायल ने बारहवीं परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि मन में संकल्प की भावना हो तो लक्ष्य को प्राप्त करना कठिन नहीं है। विद्यार्थी जीवन एक तपस्या की तरह है, जिसे मेहनत से ही सफल बनाया जा सकता है। एसडीएम बुधवार को अपने कार्यालय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल की छात्रा सारिका चौहान, एकता चौहान व पायल को सम्मानित कर रहे थे। इनमें से सारिका चौहान का चयन सुपर-100 में चयन हुआ है और एकता व पायल ने बारहवीं परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

सारिका नाहड़ ब्लॉक से सुपर-100 में चुनी गई एकमात्र छात्रा है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने तीनों छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रतनथल राजकीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार, मैनपाल सिंह, शकुंतला देवी, दिनेश कुमार, सुभाष, धर्मपाल व दल सिंह चौहान मौजूद थे।

---

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूनियन नाराज

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- सरकार ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो 9 जुलाई को एआईयूटीयूसी सहित दस केंद्रीय श्रमिक संगठन अखिल भारतीय हड़ताल में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की ओर से बुधवार को मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव को ज्ञापन सौंपा। यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी ने कहा कि प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अनेक बार सरकार को ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो 9 जुलाई को एआईयूटीयूसी सहित दस केंद्रीय श्रमिक संगठन अखिल भारतीय हड़ताल में शामिल होंगे। जिला प्रधान ने बताया कि वर्ष 2022 में आंदोलन के दौरान रेवाड़ी सहित हरियाणा की 975 कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नौकरी से निकाल दिया गया था और बाद में उन्हें ड्यूटी पर भी ले लिया था, परंतु इन कर्मियों का उस अवधि का मानदेय का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने मानदेय तुरंत जारी करने की मांग की। इसके अलावा किसी भी तरह आकस्मिक मृत्यु होने पर सहायता के रूप में दो लाख रुपए की राशि देने, लाभार्थी, गर्भवती, धात्री व बच्चों के फोटो कैप्चर करने पर रोक लगाने, आंगनबाड़ी सेंटरों का किराया हर महीने देने, आंगनबाड़ी सेंटरों में खाली पड़े सभी पदों को शीघ्र भरने, ड्यूटी से बाहर के कार्य न कराने, जब तक आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक कुशल श्रमिक का दर्जा देने, आंगनबाड़ी वर्कर्स से सुपरवाइजर के पद पर 50 प्रतिशत पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर बिना शर्त देने, इंटरनेट से काम कराने के लिए रिचार्ज राशि देने तथा पिछला भुगतान भी करने, भीषण गर्मी में बिजली, पानी, पंखों की पूरी व्यवस्था करने, मासिक न्यूनतम वेतन 26000 रुपये करने, पूरक पोषाहार अच्छी क्वालिटी देने, आंगनबाड़ी सहायिकाओं का समायोजन करने, सभी शहरी आंगनबाड़ी केंद्रों की जनसंख्या समान करने तथा वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री की ओर घोषित आंगबाड़ी कार्यकतो का 1500 व सहायिका का 750 रुपये देने की मांग की। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव लक्ष्मी देवी, बिन्दु शर्मा, सुमित्रा, सविता, अनिता देवी, सुनीता, सुशीला,आशा रानी व पवित्रा सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रही।



रेवाड़ी। जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आंगनबाडी वर्कर्स।

---

## तीन साल पहले फायरिंग और हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

थाना रामपुरा पुलिस ने लगभग तीन साल पहले हुसैनपुर में एक युवक को गोली मारने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस बयान में हुसैनपुर निवासी सतपाल ने बताया था कि उसने श्याम भक्तों के लिए हरिनगर गांव के पास शिविर लगाया हुआ था। इसी दौरान हरिनगर निवासी अजीत उसके पास स्कूटी लेकर आया। उसने बताया कि कनुका रोड मंदिर में चल रहे निर्माणकार्य का जो हिसाब सरजीत से मांगा था, उसके गांव का सरपंच उसे हिसाब देने के लिए बुला रहा है।

अजीत उसे अपने साथ बैठाकर अपने घर ले गया, जहां सरपंच आनंद अपने दो साथियों के साथ पहले से ही बैठा हुआ था। सतपाल ने आरोप लगाया था कि आनंद ने वहां जाते ही उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उसने ऐसा करने से मना किया तो आनंद ने उस पर गोली चला दी। गोली इसके बराबर से निकल गई। आरोप है कि इसके बाद आनंद के साथियों ने उसे पकड़ लिया। आनंद ने उस पर फिर से फायर किया।



गोली उसकी बाजू में लगी। जान बचाने के लिए वह अपने गांव की ओर दौड़ पड़ा। सरपंच व उसके साथियों ने उसका पीछा किया। इसी दौरान उसका भाई वहां आ गया। आनंद और उसके साथी वहां से भाग गए। रामपुरा थाना पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी राजस्थान के दौसा निवासी विक्रम कुमार मीणा को डीएसपी जोगेंद्र शर्मा ने गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

---

## सूचना प्रौद्योगिकी के जनक थे राजीव गांधीः महेंद्र छाबड़ा



**रेवाड़ी।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सही मायने में देश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति के जनक थे। प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए उन्होंने ही देश में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के विकास को बढ़ावा दिया। आधुनिक भारत की नींव देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री ने ही रखी थी। महेंद्र छाबड़ा बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की सोच आज भी देश की नीतियों और योजनाओं में दिखाई देती है। मजबूत, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत राजीव गांधी का सपना था, जिसकी झलक आज भी साफ नजर आती है। उन्होंने देश में कंप्यूटर क्रांति लाने की सोच को आगे बढ़ाया, जो आज भी देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण साबित हो रही है। उनकी दूरदर्शिता के कारण ही आज देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### गांवों तक पहुंचाया सही मायने में लोकतंत्र

महेंद्र छाबड़ा ने कहा कि राजीव गांधी का फोकस ग्रामीण विकास व लोकतंत्र को ताकत देने पर रहा। उन्होंने लोकतंत्र को गांवों तक मजबूती देने के लिए पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने की दिशा में निर्णय लिए। नए भारत के निर्माण में राजीव गांधी के योगदान को इतिहास में कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान को आज पूरा देश नमन कर रहा है। युवा पीढ़ी के लिए वह सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

---

## आईपीएल मैच में पैसा कमाने के लालच में गंवाए 1.69 लाख रुपये

**रेवाड़ी।** आईपीएल मैचों में रैंक पाकर पैसा कमाने के लालच में एक युवक ने लगभग 1.69 लाख रुपये गंवा दिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में मुंढलिया निवासी सचिन शर्मा ने बताया कि गत 27 अप्रैल को टेलीग्राम अकाउंट से मिले नंबर के आधार पर वह व्हाट्सएप से जुड़ गया। उसे आईपीएल मैचों में रैंक दिलवाकर मोटी कमाई का आश्वासन दिया गया। उसे बताया गया कि इसके लिए उसे पैसों का भुगतान करना होगा। उसे बताया गया कि रस्ट्रिशन कराने के लिए पैसे जमा कराने जरूरी हैं। उसे इसके लिए एक नंबर पर दिया गया, जिस पर उससे कई ट्रांजेक्शन के जरिए 168597 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। जब उस नंबर पर पैसे वापस देने के लिए कहा गया तो फोन अटैंड करने वाले उसके साथ दुर्व्यवहार करते कहा कि उसे कोई पैसा नहीं मिलेगा। वह उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।

---

निरीक्षण | प्राचार्य नें कैडेट्स के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर बल दिया

## ब्रिगेडियर ने एनसीसी इकाई के अभिलेखों, उपकरणों भंडार और प्रशिक्षण गतिविधियों का किया निरीक्षण

**खास बातें**

- उन्होंने एनसीसी अधिकारियों को कैडेट्स को बेहतरीन प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव गोठड़ा स्थित सैनिक स्कूल में बुधवार को रोहतक ग्रुप के ब्रिगेडियर एच एस बर्न ने एनसीसी स्वतंत्र कंपनी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर बर्न ने एनसीसी कंपनी से संबंधित सभी दस्तावेजों तथा यूनिट की गतिविधियों की समीक्षा की तथा कैडेट्स की प्रगति के मूल्यांकन और विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। उन्होंने एनसीसी अधिकारियों को कैडेट्स को बेहतरीन प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने एनसीसी अधिकारियों व एनसीसी कैडेटों से प्रशिक्षण के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी भी ली, जिसमें फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल, सोशल सर्विस के अलावा एनसीसी कैडेट्स में नैसर्गिक विकास के लिए उचित प्रशिक्षण प्रदान करने पर भी जोर दिया। उन्होंने एनसीसी इकाई के अभिलेखों, उपकरणों, भंडार और प्रशिक्षण गतिविधियों का निरीक्षण किया।

इससे पूर्व विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी मेजर जय सिंह राठौर ने पीपीटी के माध्यम से एनसीसी कंपनी की गतिविधियों, प्रशिक्षण, बजट व प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान एनसीसी कंपनी के सभी एएनओ एवं पीआई स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

यूनिट की कमांडिंग ऑफिसर स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी के तत्वावधान में निरीक्षण किया गया। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एच एस बर्न ने एनसीसी कंपनी के सफल संचालन के लिए विद्यालय प्राचार्य, कमांडिंग ऑफिसर, प्रशासनिक अधिकारी एवं एनसीसी कंपनी के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि यह हरियाणा की सभी बटालियनों में अव्वल नंबर पर कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी सभी को इसी प्रकार से कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और सामूहिक सहयोग को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कैडेट्स के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल की एनसीसी कंपनी इकाई उच्च मानकों पर कार्य कर रही है। उन्होंने एनसीसी को केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक दायित्वों को बढ़ावा देने वाला संगठन बताया।




रेवाड़ी। ब्रिगेडियर एच एस बर्न को पौधा भेंट करते एनसीसी कैडेट्स तथा स्कूल परिसर में पौधारोपण करते ब्रिगेडियर व अन्य।